

खबर कोना

अमेरिका गॉट टैलेंट के दौरान पहुंचीं हेदी क्लम।

पूरी दुनिया में मना स्वतंत्रता दिवस

बेजिंग/मेलबर्न, 15 अगस्त (भाषा)।

दुनियाभर में बड़ी संख्या में भारतीयों ने देश के 72वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

विदेशों में भारतीय मिशनों में राष्ट्र गान की धुन बजाई गई और तिरंगा फहराया गया।

चीन, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर और कई अन्य देशों में भारतीयों ने राष्ट्र ध्वज फहराकर इस दिवस का जश्न मनाया और देशभक्ति के गीत गाए। बेजिंग में भारतीय समुदायों के लोगों ने बड़ी संख्या में स्वतंत्रता दिवस समारोहों में भाग लिया। चीन में भारत के राजदूत गौतम बम्बावाले ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के राष्ट्र के नाम संबोधन को पढ़कर सुनाया। इस समय चीन में मौजूद भाजपा के महासचिव राम माधव, सांस्कृतिक संबंधों के लिए भारतीय परिषद के अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण सिंह समेत कई भारतीय गण्यमान्य लोगों ने ध्वजारोहण समारोह में भाग लिया।

मेलबर्न के कैनबरा में भारतीय उच्चायोग कार्यालय में ध्वजारोहण समारोहों में बड़ी संख्या में भारतीयों ने भाग लिया। मेलबर्न, सिडनी और ब्रिस्बेन में वाणिज्य दूतावास इमारतों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए गए। भारत सरकार को बधाई देते हुए आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मैलकम टर्नबुल ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के बड़े और बढ़ते भारतीय समुदाय का हमारे राष्ट्रीय जीवन के कई क्षेत्रों में बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान है।' उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे गहन संबंध यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाले सालों में ये दोस्ताना संबंध समृद्ध रहेंगे।' सिंगापुर में, भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हुए समारोह में 500 से अधिक भारतीय शामिल हुए।

इस्लामाबाद स्थित भारतीय दूतावास में बुधवार को भारत के 72वें स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराते दूतावास के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य।

नीदरलैंड में भारतीयों ने मनाया आजादी का जश्न

हेग, 15 अगस्त (भाषा)।

नीदरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों ने बुधवार को पारंपरिक उल्लास के साथ भारत का 72वां स्वतंत्रता दिवस मनाया।

इस अवसर पर नीदरलैंड में भारतीय दूतावास इंडिया हाउस में 600 से ज्यादा भारतीय और भारत के मित्र इकट्ठा हुए। भारतीय दूतावास द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक नीदरलैंड में भारतीय राजदूत वेणु राजामणि के राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरुआत हुई। राजदूत ने राष्ट्र के नाम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के संबोधन को पढ़ा। इस बार स्वतंत्रता दिवस पर सबसे ज्यादा लोग जमा हुए और इंडिया हाउस में दूसरी बार इसका आयोजन हुआ।

बयान में कहा गया कि इसके बाद स्थानीय संगीत समूह मद्रास कोरस ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी और नीदरलैंड मराठी मंडल ने कथक और ओड़ीशी फ्यूजन डांस प्रस्तुति दी।

भारत ने नेपाल को दिए 30 एंबुलेंस

काठमांडो, 15 अगस्त (भाषा)।

भारत ने अपने 72वें स्वतंत्रता दिवस पर नेपाली अस्पतालों, परमार्थ संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों को 30 एम्बुलेंस और छह बस उपहार में दीं। नेपाल में भारतीय राजदूत मंजीव सिंह पुरी ने बुधवार को काठमांडो में भारतीय दूतावास के परिसर में एक कार्यक्रम में संबंधित संगठनों के प्रतिनिधियों को वाहनों की चाबी सौंपी।

स्वतंत्रता दिवस पर काठमांडो में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भारत के राष्ट्रपति का संदेश पढ़ कर सुनाया जिसमें पिछले दशकों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों को जिक्र किया गया है।

इस अवसर पर पुरी ने भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद सैनिकों की विधवाओं और बच्चों को भी सम्मानित किया और 5.35 लाख नेपाली रुपए के चेक वितरित किए। भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि पूरे नेपाल में 68 स्कूलों और पुस्तकालयों को किताबें भी वितरित की गईं।

पाक में आजादी के जश्न के दौरान तीन की मौत, 35 जख्मी

कराची, 15 अगस्त (भाषा)।

पाकिस्तान में स्वतंत्रता दिवस पर खुशी के माहौल में चलाई गई गोलियों और पटाखों से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और बच्चों व महिलाओं समेत 35 से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने बताया कि सोमवार रात बड़ी संख्या में कराची की सड़कों पर लोग निकल आए और जैसे ही रात के बारह बजे, उन्होंने 72वें स्वतंत्रता दिवस के उत्साह में हवा में गोलियां चलानी शुरू कर दीं और पटाखे छोड़ने लगे। द न्यूज ने खबर दी है कि उत्तर नजीमाबाद इलाके में समारोह के दौरान 22 वर्षीय सलमान शकूर को एक पटाखा लग गया। शकूर के अलावा 21 वर्षीय एक व्यक्ति के चेहरे पर भी पटाखा लगा। दोनों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान शकूर की मौत हो गई। एक अन्य घटना में 26 वर्षीय सरमद शब्बीर की भी पटाखे से मौत हो गई।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खबर दी कि शब्बीर, दुबई से पाकिस्तान छुट्टियां मनाने आया था। पटाखा उसके सिर में लगा और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

स्वतंत्रता दिवस समारोहों के दौरान नगर में एक और व्यक्ति की मौत हो गई। स्वतंत्रता दिवस पर खुशी में की गई हवाई फायरिंग में महिलाओं और बच्चों समेत 35 से अधिक लोग जख्मी हो गए।

शरीफ ने जेल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

इस्लामाबाद, 15 अगस्त (भाषा)।

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, उनकी बेटी और दामाद ने उच्च सुरक्षा वाली आदियाला जेल में केक काट कर अपने देश का स्वतंत्रता दिवस मनाया।

शरीफ अपनी बेटी मरियम (44), और दामाद कैप्टन (सेवानिवृत्त) मुहम्मद सफदर (54) के साथ आदियाला जेल में क्रमशः दस साल साल, सात साल और एक साल की सजा काट रहे हैं। इन लोगों को एक जवाबदेही अदालत ने लंदन में चार लग्जरी फ्लैटों के स्वामित्व को लेकर छह जुलाई को दोषी करार दिया था। जेल के एक अधिकारी के हवाले से समाचारपत्र डॉन ने खबर दी है, '10-10 पाउंड वजन के तीन केक जेल लाए गए और पूर्व प्रधानमंत्री ने इसका भुगतान किया।'

भारत ने लोकतंत्र का पालन कर नजीर पेश की : पोंपिओ

न्यूयॉर्क, 15 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका ने भारत को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को कहा कि भारत ने लोकतंत्र, विविधता और कानून का पालन कर दक्षिण एशिया के लिए एक नजीर पेश की है। अमेरिकी सरकार की ओर से विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने भारत को 72वें स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामना संदेश देते हुए अमेरिका-भारत के बीच संबंध मजबूत बनाने में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोगों और युवा छात्रों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, 'इस स्वतंत्रता दिवस पर हम, एक अद्वितीय सभ्यता, साथी लोकतंत्र और एक मित्र...भारत को एक अग्रणी वैश्विक शक्ति के रूप में सही मुकाम पाने व नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने के साझा प्रयासों को जारी रखने के लिए शुभकामनाएं देते हैं।'

पोम्पिओ ने कहा कि स्वतंत्रता पाने के बाद से ही भारत ने लोकतंत्र, विविधता और कानून का पालन कर दक्षिण एशिया के लिए उदाहरण पेश किया है। अमेरिका भी इन्हीं मूल्यों का पालन करता है।

द्वितीय विश्व युद्ध को समाप्त हुए बुधवार को 73 साल पूरे हो गए। युद्ध में मारे गए लोगों को तोक्यो में श्रद्धांजलि देते जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे।

इटली : पुल हादसे में मृतकों की संख्या 38 हुई

रोम, 15 अगस्त (एएफपी)।

इटली के बंदरगाह शहर जेनोआ में पुल ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़ कर 38 हो गई है।

गृह मंत्री मात्तेओ साल्विनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। साल्विनी ने दक्षिणी क्षेत्र कलाब्रिया में एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा, 'हम इस समय 38 लोगों की मौत होने और कुछ लोगों के लापता होने की पुष्टि करते हैं।' इस बीच सरकार ने हादसे के लिए देश की मोटरवेज की प्रभारी कंपनी को जिम्मेदार ठहराया।

साल्विनी ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों में आठ, 12 और 13 साल के बच्चे भी शामिल हैं। कुछ लोग अभी भी लापता है। उपप्रधानमंत्री लुईगी डी मेइओ ने कहा कि इस हादसे को टाला जा सकता था। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि 16 लोग घायल हुए हैं जिनमें से 12 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

कोवेन्ट्री क्वॉयल-ओ-मैटिक (हरियाणा) लिमिटेड
पंजी. कार्यालय: 87 वां कि.मी. स्टोन, एनएच 8, दिल्ली-जयपुर रोड, ग्राम सालावास, संगवारी, जिला रेवाड़ी 123401 (हरियाणा), CIN: L74999HR1988PLC030370,
वेबसाइट: (www.coilomatic.com); ईमेल: info@coilomatic.com,
फोन नं: (+91) 9896033299
30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार
(रु. लाख में)

क्रम सं.	विवरण	समाप्त 3 महीने 30 जून, 2018 अनंकेक्षित	समाप्त 3 महीने 31 मार्च, 2018 (अंकेक्षित)	समाप्त 3 महीने 30 जून, 2017 (अनंकेक्षित)	समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2018 (अंकेक्षित)
1.	कुल आय/परिचालनों से आय	1562.91	1616.36	1326.15	5793.11
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	(20.79)	(13.32)	(24.30)	(106.10)
3.	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद)	(20.79)	(13.32)	(24.30)	(106.10)
4.	कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद)	(20.79)	(13.32)	(24.30)	(106.10)
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/ (हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद) से शामिल)	19.97	(10.91)	(26.20)	(109.40)
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	450.80	450.80	450.80	450.80
7.	आरक्षित (पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाई गई पुनर्मूल्यांकन आरक्षित के अतिरिक्त आरक्षित)	-	-	-	-
8.	आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिए) 1. मूल 2. तरल	 (0.46) (0.46)	 (0.30) (0.30)	 (0.54) (0.54)	 (2.35) (2.35)

टिप्पणी:
1. उपरोक्त परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 14 अगस्त, 2018 को आयोजित उनकी बैठक में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
2. उपरोक्त सेबी (सूचीयन तथा अन्य प्रकटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट लिंक (bseindia.com/# corporates) पर उपलब्ध है।

कोवेन्ट्री क्वॉयल-ओ-मैटिक (हरियाणा) लिमिटेड के लिए
आर एस बाफना
प्रबंध निदेशक
DIN No. 00159855

स्थान: रेवाड़ी (हरियाणा)
तिथि: 14.8.2018

अफगानिस्तान में तालिबान के हमले में 30 सैनिकों की मौत

काबुल, 15 अगस्त (एपी)।

उत्तरी अफगानिस्तान में दो निकटवर्ती जांच चौकियों पर तालिबान के हमले में कम से कम 30 सैनिकों और पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उत्तरी बगलान प्रांत में प्रांतीय परिषद के प्रमुख मोहम्मद सफदर मोहसेनी ने बताया कि बगलान-ए-मरकजी में मंगलवार देर रात हुए हमले के बाद आतंकवादियों ने जांच चौकियों में आग लगा दी।

बगलान से सांसद दिलावर अयमाक ने हमले की पुष्टि की। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस बीच गजनी में लोग अपने घरों से निकले और कुछ दुकानें फिर से खुलीं। पिछले शुक्रवार को यहां तालिबान ने हमला किया था। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता आरिफ नूरी ने बताया कि हाल के दिनों में 35 नागरिकों के मारे जाने के बाद, जनजीवन सामान्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि हालांकि शहर के अस्पताल में अभी भी घायल लोग आ रहे हैं। प्रांतीय पुलिस प्रमुख मुस्तफा मायर ने बताया कि दक्षिणी जाबुल प्रांत में बुधवार तड़के एक पुलिस जांच चौकी पर तालिबानी हमले में चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हमले में तीन अन्य अधिकारी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों और तालिबान के बीच हुए संघर्ष में सात हमलावर मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए।

संरा को सभी के लिए प्रासंगिक बनाने के लिए चीन, भारत अहम : अधिकारी

संयुक्त राष्ट्र, 15 अगस्त (भाषा)।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष मारिया फर्नांडा इस्पिनोसा गारसेस ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र को सभी के लिए प्रासंगिक बनाने के वास्ते भारत और चीन अहम हैं।

गारसेस ने हाल ही में दोनों देशों का दौरा किया था। वे सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 73वें सत्र में अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालेंगी। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों ने जून में गारसेस का चयन किया था। महासभा के 73 साल के इतिहास में इसका नेतृत्व करने वाली वे चौथी महिला हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा, 'दुनिया की एक तिहाई से अधिक आबादी का घर, चीन और भारत... संयुक्त राष्ट्र को सभी के लिए प्रासंगिक बनाने के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण हैं।' उन्होंने लिखा, 'मैं संयुक्त राष्ट्र महासभा के 73वें सत्र की तैयार कर रही हूं ऐसे में इन देशों की यात्रा के दौरान मुझे जो अनुभव प्राप्त हुआ वह बहुमूल्य है।' गारसेस ने कहा नई दिल्ली में नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात सफल रही, जहां दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र की दक्षता में सुधार की जरूरत पर विचार-विमर्श किया था।

अमेरिका में भारतीय मूल के रेस्तरां के मालिक पर नस्ली टिप्पणी

न्यूयार्क, 15 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका में भारतीय मूल के एक रेस्तरां के मालिक पर एक ग्राहक ने नस्ली टिप्पणी करते हुए उसे और उसके परिवार को भारत का आदिवासी करार दिया और कहा कि वह अपने होटल में खाने पीने से होने वाली आमदनी से संभवतः सिर्फ अलकायदा का वित्तपोषण करता है।

डब्लूएसएवेड-टीवी ने खबर दी है कि केंटुकी के एशलैंड में द किंग्स डिनर के मालिक ताज सरदार के रेस्तरां में खाना खाने के बाद उन पर नस्ली टिप्पणी की गई। छोटे से इस होटल में घर का बना हुआ और भारतीय खाना परोसा जाता है। इस खबर में बताया गया है कि बाद में व्यक्ति ने रेस्तरां की तस्वीर ले ली और फेसबुक पर भोजन और साथ ही वहां मौजूद लोगों के बारे में अपनी नाराजगी जाहिर की। फेसबुक पोस्ट डालने वाले ने लिखा कि वह वहां गया और भारत के एक आदिवासी व्यक्ति ने उसका स्वागत किया। उसे शर्मिंदगी महसूस हुई क्योंकि संभवतः वह आदिवासी अलकायदा को वित्त पोषित करता है सरदार ने कहा, 'जब मैंने फेसबुक पर इसे पढ़ा तो मुझे लगा कि हे भगवान, क्या यह गंभीर मामला है?' उन्होंने उम्मीद जताई कि उन्हें वहां से निकलने को मजबूर नहीं किया जाएगा जहां वह साल 2010 से रह रहे हैं। फेसबुक पर नस्ली पोस्ट डाले जाने के बाद से इस रेस्तरां में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग आकर ताज सरदार के प्रति अपना समर्थन जाहिर कर रहे हैं।

एशियन ऑयलफिल्ड सर्विसेस लिमिटेड
पंजी. कार्या.: यूनिट नं. 1110, 11वां तल, 'जेएमडी मेगापोलिस', सेक्टर-48, सोहना रोड, गुरुग्राम-122018, हरियाणा, CIN: L23200HR1992PLC052501,
फोन नं. 0124-6606400, फैक्स: 0124-6606406, वेबसाईट: asianoilfield.com
31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही के समेकित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार
(प्रति शेयर डैटा को छोड़कर रु. लाखों में)

विवरण	समाप्त तिमाही 30.6.2018 (अनंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 30.6.2017 (अनंकेक्षित)
परिचालनों से कुल आय (शुद्ध)	6314.78	5127.49
अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	318.99	825.02
कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद)	318.99	1096.09
कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं अथवा असाधारण मदों के बाद)	317.84	1096.09
अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/ (हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद) से शामिल)	245.93	1097.29
इक्विटी शेयर पूंजी (सम मूल्य रु. 10/- प्रति शेयर)	3807.44	2607.44
आरक्षित (पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित	-	-
आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (असाधारण मदों से पूर्व एवं बाद) (रु. 10/- प्रति का) क) मूल: (रु. में) ख) तरल: (रु. में)	 0.83 0.83	 4.21 2.88

टिप्पणी:
1. मुख्य स्टैण्डएलॉन वित्तीय जानकारी इस प्रकार है:

	समाप्त तिमाही 30.6.2018 (अनंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 30.6.2017 (अनंकेक्षित)
प्रचालनों से आय	4411.23	1930.79
कर से पूर्व लाभ/ (हानि)	(417.08)	101.75
शुद्ध लाभ/ (हानि)	(417.08)	101.75
अवधि के लिए कुल व्यापक आय, नेट ऑफ टैक्स	(417.87)	102.95

1. उपरोक्त समेकित वित्तीय परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा तथा सिफारिश की गई तथा 14 अगस्त, 2018 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. उपरोक्त सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टाक एक्सचेंज में दाखिल की गई 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाईट अर्थात www.asianoilfield.com पर उपलब्ध है।

एशियन ऑयलफिल्ड सर्विसेस लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
आशुतोष कुमार
पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ
DIN: 06918508

स्थान: मुम्बई
तिथि 14 अगस्त, 2018